# निगम की जलप्रदाय व्यवस्था हुई वॉकी-टॉकी से लैस


जनवकालत

**रतलाम।** नगर निगम के मैदानी अधिकारी/कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं को हाई टेक किये जाने के साथ पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु धोलावाड़, मोरवानी व पेयजल टंकियों के कर्मचारियों को वॉयरलैस वॉकी-टॉकी से लैस किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु धोलावाड़ नया व पुराना इंटकवेल, बूस्टर पम्प हाउस, मोरवानी, गंगासागर टंकी, गौशाला टंकी व ऋतुराज पम्प हाउस के कर्मचारियों को वॉयर लैस वॉकी टॉकी से लैस किया गया है जिससे पेयजल व्यवस्था में किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होने पर तत्काल निराकरण कराया जा सकेगा। वायर लैस वॉकी-टॉकी वितरण के अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, श्री मनीष तिवारी, निज सहायक श्री सुभाष गोयल आदि उपस्थित थे।

# गुलाब चक्कर! 27 लाख रूपए वहन करके बैंडस्टैंड के रूप


जनवकालत

**रतलाम।** शहर के पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर की नवीन साज-सज्जा की जाएगी इसके लिए नक्शा बनकर तैयार हो गया है। गुलाब चक्कर को विकसित करने के लिए 27 लाख रुपए खर्च किए जाकर बैंडस्टैंड का रूप दिया जाएगा। विधायक श्री चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शीघ्र ही गुलाब चक्कर सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा।

जनवकालत
23/

### जिले में अब 4 ऑक्सीजन प्लांट है जिनमें दो जावरा, एक मेडिकल कॉलेज एवं एक जिला चिकित्सालय में

# ओमीक्रोन अलर्ट: कलेक्टर ने तीसरी लहर से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

जिले में कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट के खतरे के दृष्टिगत प्रशासन अलर्ट पर है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा लगातार तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। बुधवार को कलेक्टर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। तीसरी लहर से निबटने के लिए कलेक्टर ने बैठक लेते हुए मेडिकल कॉलेज की तैयारियों का जायजा लिया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.जितेंद्र गुप्ता ने प्रेजेंटेशन द्वारा तैयारियों से अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने भी जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों का प्रजेंटेशन दिया।



## पुख्ता तैयारी की गई

बताया गया कि दूसरी लहर की तुलना में इस बार जिले में कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की पुख्ता तैयारी है। जो भी कमियां थी उनकी पूर्ति लगभग कर ली गई है। इनकी लगातार समीक्षा की जाती रहेगी। जिले में अब 4 ऑक्सीजन प्लांट है जिनमें दो जावरा, एक मेडिकल कॉलेज एवं एक जिला चिकित्सालय में है। सभी ऑक्सीजन प्लांट बढ़िया कंडीशन में है, उनकी मॉक ड्रिल भी कर ली गई है। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन क्षमता वृद्धि के लिए दो टैंक अब उपलब्ध हैं। मेडिकल उपकरण, मेडिसिन स्टॉफ आदि सभी तैयारियां समय रहते कर ली गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, प्राइवेट नर्सिंग होम्स के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ आदि उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ.जितेंद्र गुप्ता ने कॉलेज की तैयारियों के संबंध में बताया कि मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से तैयार है। सेकंड वेव में 550 बेड थे अब 654 बेड है। कॉलेज में 172 एचडीयू बेड है, अब 180 बेड है। आईसीयू की क्षमता 72 बेड है। पीडियाट्रिक आईसीयू बेड क्षमता 28 बेड की है। कुल 654 बेड है, इनमें 450 ऑक्सीजन बेड है। मेडिकल कॉलेज के पास 179 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर है। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के कारण शत-प्रतिशत बेड ऑक्सीजनयुक्त रहेंगे। मेडिकल कॉलेज में 76 वेंटीलेटर, 19 बायपेप मशीन, 176 बेड साइड मॉनिटर है। मेडिकल कॉलेज को अभी पीडियाट्रिक्स के लिए और वेंटिलेटर चाहिए। छोटे सिलेंडर की भी अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है। अभी 30 सिलेंडर उपलब्ध है। कॉलेज को दो डायलिसिस यूनिट और चाहिए। एंबुलेंस अभी एक है परंतु लहर की स्थिति में चार या पांच एंबुलेंस की आवश्यकता हो सकती है। कलेक्टर ने मरीजों, उनके परिजनों और मेडिकल स्टाफ के लिए कैंटीन की व्यवस्था मेडिकल कॉलेज में ही से करने के निर्देश दिए, लॉन्ड्री व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रभाकर ननावरे ने पूरे जिले में तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जावरा के दोनों ऑक्सीजन प्लांट फंक्शनल है। जिला चिकित्सालय का ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल कॉलेज का ऑक्सीजन प्लांट भी बढ़िया स्थिति में है।

## कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाए

कलेक्टर ने कांटेक्ट ट्रेसिंग पर जोर दिया। सीएमएचओ को निर्देश दिए कि जितने भी कार्यक्रम पब्लिक प्लेस पर कार्यक्रम हो रहे हैं वहां लगातार कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाए। त्रिवेणी का मेला लगने वाला है वहां पर सघन कांटेक्ट ट्रेसिंग हो, सिनेमा हॉल अथवा खासतौर पर पूरे जिले के लोग जहां पर एकत्रित होते हैं वहां कांटेक्ट ट्रेसिंग की व्यवस्था की जाए, सैंपल लेते रहें। जिले के मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग माड्यूल तैयार करें और सतत ट्रेनिंग देते रहे मास्क पर सख्ती जारी रहेगी। एसडीएम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि रैपिड रिस्पांस टीम की बैठक लेकर उन्हें अपडेट करें। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने भी आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को बैठक में दिए।

राज

# त्रिवेणी तट पर आयोजित होगा मेला - विधायक

रतलाम । सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक चेतन्य काश्यप से मुलाकात की। इस दौरान त्रिवेणी तट पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले महारूद्र यज्ञ के साथ मेले के आयोजन पर चर्चा हुई। समिति की पहल पर विधायक श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा कर कहा कि त्रिवेणी तट पर परंपरागत रूप से मेले का आयोजन किया जाएगा।

विधायक श्री काश्यप ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि कलेक्टर द्वारा कोविड नियमों का ध्यान रखते हुए परंपरागत रूप से मेले के आयोजन की स्वीकृति दी गई है। श्री काश्यप ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया से भी चर्चा की और उन्हें मेले के आयोजन हेतु की जाने वाली तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र समिति के प्रतिनिधि मंडल में कन्हैयालाल मौर्य, नवनीत सोनी, रामचन्द्र शर्मा, लालचंद टांक, मनोहर पोरवाल, अशोक देवड़ा, महेश व्यास, सत्यदीप भट्ट, बद्रीलाल परिहार, सत्यनारायण पालीवाल, देवशंकर पांडे, बंशीलाल शर्मा, कैलाश भईड़ा, धर्मेन्द्र अग्रवाल, बद्रीलाल पाटीदार, धन्नालाल पाटीदार, छोगालाल पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, राखी व्यास, अंजु सोनी, जया सोमानी, किरण भट्ट आदि शामिल थे।

हमदेश 20/12

# संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन

रतलाम । खनिज साधन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आज राज्य विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप को बताया कि संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है और सत्यापन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मंत्रीजी ने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान में रतलाम नगर निगम क्षेत्र में 480 अपात्र हितग्राहियों के अपीलीय आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से परीक्षण उपरांत 86 पात्र पाए गए हैं, जिनके प्रकरण अपीलीय अधिकारी को भेज दिए गए हैं । उन्हें पात्र घोषित करने की कार्रवाई जारी है। शेष अपात्र हितग्राहियों द्वारा आवेदन करने पर नियमानुसार परीक्षण कर सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा सकेगा ।

नवभारत


# संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन

रतलाम । खनिज साधन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आज राज्य विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप को बताया कि संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है और सत्यापन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मंत्रीजी ने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान में रतलाम नगर निगम क्षेत्र में 480 अपात्र हितग्राहियों के अपीलीय आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से परीक्षण उपरांत 86 पात्र पाए गए हैं, जिनके प्रकरण अपीलीय अधिकारी को भेज दिए गए हैं । उन्हें पात्र घोषित करने की कार्रवाई जारी है। शेष अपात्र हितग्राहियों द्वारा आवेदन करने पर नियमानुसार परीक्षण कर सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा सकेगा ।

नवभारत

# गुलाब चक्कर अब सुंदर एवं आकर्षक दिखेगा

रतलाम । रतलाम के पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गुलाब चक्कर की नवीन साज-सज्जा की जाएगी इसके लिए नक्शा बनकर तैयार हो गया है। गुलाब चक्कर को विकसित करने के लिए 27 लाख रुपए खर्च किए जाकर बैंडस्टैंड का रूप दिया जाएगा। विधायक श्री चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर शीघ्र ही गुलाब चक्कर सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा।

परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक ने बताया कि रिनोवेशन कार्य पर जनभागीदारी योजना से 27 लाख 31 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। जिला टूरिज्म काउंसिल के तत्वावधान में उक्त कार्य की डीपीआर भोपाल की इंटेक संस्था द्वारा बनाई गई है। क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया है, जिसके द्वारा शीघ्र ही टेंडर जारी किए जाने वाले हैं। दशपथ 20/12/2021

# कोरोनाकाल के बाद शहर में शुक्रवार से होगी त्रिवेणी मेले की शुरुआत

रतलाम। कोरोनाकाल के कारण बंद हुए मेले साल के अंत में फिर शुरू हो रहे हैं। नगर निगम द्वारा ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले की शुरुआत 24 दिसंबर से होगी। इसके साथ ही त्रिवेणी तट पर महारुद्र यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।

मेले में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवि सम्मेलन, लोक नृत्य तथा भजन संध्या आदि के आयोजन किए जाएंगे। कोरोना की तीसरी संभावित लहर को देखते हुए प्रशासन ने मेले में आने वालों के लिए टीकाकरण अनिवार्य किया है। कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निगम को मेले में शामिल होने वाले लोगों के टीके के दोनों डोज लगवाने हेतु पाबंद किया। इसके लिए मेले के दौरान निगम की टीम को रास्तों पर जांच अभियान चलाने के आदेश भी दिए।

मेले में ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में आते हैं, इसलिए मेला स्थल पर भी टीके लगाने का इंतजाम किया जाएगा। कलेक्टर ने यज्ञशाला प्रांगण और कुंड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा की उचित व्यवस्था के साथ पेयजल, बिजली आदि की व्यवस्था के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। मेला प्रांगण में असमाजिक तत्वों की रोकथाम के लिए पुलिस बल को सतर्क करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसपी गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। अप्रैल

हमदेश रतलाम, दिनांक 20 दिसम्बर 2021 सोमवार

# स्वच्छ शहरों में शामिल होने के लिए रतलाम अब गति पकड़ेगा

रतलाम। देश के टॉप स्वच्छ शहरों में रतलाम को सम्मिलित करने के लिए विधायक श्री चैतन्य काश्यप तथा कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बीड़ा उठाया गया है। रतलाम में अब स्वच्छता कार्य गति पकड़ेगा। इंदौर को नंबर वन बनाने में सहयोगी रही कंसलटेंसी एजेंसी की सेवाएं शहर के लिए ली जा रही हैं। बुधवार को आयोजित कार्यशाला में एजेंसी ह्यूमन मेट्रिक्स द्वारा रतलाम शहर के लिए प्रेजेंटेशन दिया गया। विधायक श्री काश्यप, श्री राजेंद्र सिंह लुनेरा, कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम के अलावा पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, श्री कन्हैयालाल मोर्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कार्यशाला में उपस्थित थे। कार्यशाला से उपस्थितजनों में रतलाम को स्वच्छता में ऊंचा स्थान दिलाने के लिए नया जोश जागा, सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया।

सैलाना रोड स्थित श्री गुरु तेग बहादुर अकेडमी पर आयोजित जीरो वेस्ट थीम पर आधारित स्वच्छ समागम कार्यशाला में शहर के कई पूर्व पार्षदगण तथा अशासकीय संगठनों के पदाधिकारी, मीडियाजन उपस्थित थे। ह्यूमन मैट्रिक्स के श्री सनप्रीतसिंह ने प्रेजेंटेशन में जहां इंदौर को नंबर वन बनाने में किए गए प्रयासों योजनाओं, कार्यक्रमों की सिलसिलेवार जानकारी दी, वही रतलाम को ऊंची रैंकिंग दिलाने में बाधक बिंदुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। एजेंसी ने शहर में वृहद सर्वेक्षण द्वारा उन कमियों की और ध्यान आकर्षित किया है जिनकी वजह से स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम अभी पीछे है। यह भी बताया कि अब आगे क्या करना है, क्या स्ट्रैटेजी अपनानी है।




विधायक श्री चेतन्य काश्यप ने उद्बोधन में शहर के लिए नियोजित कार्य योजना को जरूरी बताया। साथ ही महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि हमारा समीपवर्ती जिला इंदौर स्वच्छता में देश में नंबर वन है तो हम भी पीछे नहीं रहेंगे। शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य करेंगे, जनभागीदारी भी खड़ी की जाएगी। रतलाम कई क्षेत्रों में आगे हैं, स्वच्छता में भी शहर को निश्चित रूप से अग्रणी बनाएंगे। विधायक ने कहा कि स्वच्छता के लिए वार्डों में समितियां बनाई जाए, घरों में कंपोस्ट निर्माण के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। यही प्रशिक्षण व्यवस्था शहर की होटल्स के गीले कचरे के निपटान के लिए भी करना होगी। विधायक ने शहर को स्वच्छता में उचित स्थान दिलाने के लिए टाइम लाइन निर्धारित करके चरणबद्ध ढंग से कार्य करने पर जोर दिया।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि हम कृत-संकल्पित हैं, निश्चित रूप से अब शहर स्वच्छता के लिए नई करवट लेगा। आने वाले दिनों में बदलाव नजर आएगा। हम स्वच्छता अभियान 2022 की शुरुआत कर रहे हैं। आने वाले माह से बदलाव दिखेगा, शासन ने जिलों की भी रैंकिंग व्यवस्था आरंभ की है जिसके लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

शहर के लिए प्रेजेंटेशन

ह्यूमन मेट्रिक्स के श्री सनप्रीतसिंह ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि 2022 स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए 7500 अंक रहेंगे, इनमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 3000 अंक होंगे। सिटीजन वॉइस के लिए 2250 अंक रहेंगे। सर्टिफिकेशन के लिए भी 2250 अंक रखे गए हैं। रतलाम शहर को स्वच्छता के साथ-साथ वाटर प्लस में भी अंक हासिल करना होंगे। सीनियर सिटीजन फीडबैक भी महत्वपूर्ण रहेगा।

इसके लिए 400 अंक होंगे, सिटीजन इंगेजमेंट के 500 अंक रखे गए हैं। सफाई मित्र सुरक्षा के लिए भी 375 अंक होंगे। इसमें सीवर गाद निकालने के लिए मशीन का इस्तेमाल महत्वपूर्ण है।

# अलर्ट मोड पर सारा सिस्टम, दावा : दूसरी लहर की कमियों को दूर कर लिया

## कोरोना इफेक्ट : ओमिक्रॉन वैरिएंट और तीसरी लहर से निपटने के लिए एक्शन में अमला, आगे : कांटेक्ट ट्रेसिंग शुरू होगी, उपकरणों की होगी मॉकड्रिल

### डिकल कॉलेज में कलेक्टर ने उपकरण, स्टाफ यवस्था व कोविड केयर सेंटर का लिया अपडेट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शभर में फैल रहे कोरोना के मिक्रॉन वेरिएंट और तीसरी लहर आशंका देखते हुए सरकारी स्टम अलर्ट मोड पर है। गुरुवार कांटेक्ट ट्रेसिंग शुरू हो जाएगी। यह अब त्रिवेणी मेले, सिनेमा हॉल सहित पब्लिक प्लेस पर होने ले कार्यक्रमों में होगी। इलाज उपयोग आने वाले ऑक्सीजन संट्रेटर, वेंटिलेटर सहित अन्य पकरणों की मॉक ड्रिल रोज होगी। स्क पहनने को लेकर पहले की रह सख्ती की जाएगी। बॉर्डर पर चेकिंग होगी। कलेक्टर कुमार रुषोत्तम ने अफसरों को चेता दिया कि सिस्टम को अलर्ट मोड पर खें। तैयारियों में कमी बर्दाश्त नहीं होगी।

तीसरी लहर से निपटने के लिए बुधवार को मेडिकल कॉलेज में रणनीति बनाई गई। मेडिकल कॉलेज में की जा रही तैयारियां देखने के बाद कलेक्टर ने कॉलेज में मीटिंग लेकर व्यवस्थाओं का अपडेट लेकर अफसरों से जवाब-तलब किया। अफसरों ने दावा किया कि दूसरी लहर में सामने आई कमियों को दूर करते हुए निपटने की पुख्ता तैयारी कर ली है। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, सीएचएमओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने प्रेजेंटेशन देकर वार्ड, स्टाफ, उपकरण, बेड समेत अन्य व्यवस्थाओं की प्रेजेंटेशन देकर जानकारी दी। एसपी गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े आदि मौजूद रहे।

### आज आएगी कोरोना पॉजिटिव की रिपोर्ट



मेडिकल कॉलेज में कोरोना पेशेंट के लिए तैयार वार्ड।

पिछले मंगलवार को पॉजिटिव निकले ताल के युवक की रिपोर्ट गुरुवार को आ सकती है। इससे पता लग जाएगा कि कोरोना वैरिएंट ओमिक्रॉन है या नहीं। युवक ने ताल से डोसीगांव और वहां से ताल तक का सफर बस से तय किया था, स्वास्थ्य महकमा उसे गंभीरता से ले रहा है। अगर, पॉजिटिव युवक में ओमिक्रॉन वैरिएंट की पुष्टि हो गई तो उसके कांटेक्ट में आने वाली सभी लोगों की टेस्टिंग की जाएगी। फिलहाल युवक के घर को कंटेनमेंट बनाकर सुरक्षित कर रखा है।

### जानिए, अगर कोरोना की तीसरी लहर आई तो उससे लड़ने की हमारी तैयारी कैसी है

- **ऑक्सीजन प्लांट** - जिले में 4 हैं, इनमें दो जावरा, एक मेडिकल कॉलेज एवं एक जिला चिकित्सालय में है। सभी रनिंग कंडीशन में है। मॉक ड्रिल कर ली है। ऑक्सीजन क्षमता बढ़ाने के लिए दो टैंक अब उपलब्ध हैं।
- **उपकरण** - कॉलेज में 76 वेंटीलेटर, 19 बायपेप मशीन, 176 बेड साइड मॉनिटर और अभी 30 सिलेंडर उपलब्ध है। 179 ऑक्सीजन कसंट्रेटर है। इससे सारे बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा हो जाएगी। पीडियाट्रिक्स के लिए वेंटिलेटर और छोटे सिलेंडर की जरूरत है। जिला चिकित्सालय में 7 में से 6 वेंटिलेटर चालू है। जिले में 943 ऑक्सीजन कसंट्रेटर उपलब्ध है।
- **स्टाफ** - 307 नया नर्सिंग स्टाफ की भर्ती कर ली है। वर्तमान में नर्सिंग स्टाफ की संख्या 327 हो गई है। इसके अलावा इमरजेंसी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की सेवाएं ली जा सकेगी। विभाग से बात कर ली है। आवश्यकता होने पर तत्काल स्पेशल वार्ड शुरू हो जाएगा।
- **बेड** - मेडिकल कॉलेज की बेड क्षमता 645 कर ली है। इनमें 450 ऑक्सीजन सुविधा वाले हैं। दूसरी लहर में यह 550 बेड थी। इसमें एचडीयू बेड 172 से बढ़कर 180 हो गए हैं। आईसीयू की क्षमता 72 बेड है। पीडियाट्रिक आईसीयू में 28 बेड है।
- **कोविड केयर सेंटर** - अभी एक सागोद रोड स्थित नवीन कन्या परिसर में तैयार है। जिला चिकित्सालय में भी एक वार्ड को सीसीसी बनाया जाएगा। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में एक वार्ड संदेहास्पद मरीजों के लिए तैयार किया जा रहा है।
- **रैपिड रिस्पांस टीम** - एसडीएम अभिषेक गहलोत को जवाबदारी देकर टीम को अपडेट करने को कहा। सैंपल की संख्या बढ़ाई जाएगी। वहीं, मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग माड्यूल तैयार करके लगातार ट्रेनिंग देंगे। मास्क पहनने के लिए और भी ज्यादा सख्ती की जाएगी।

**अभी भी इनकी जरूरत**

- मेडिकल कॉलेज को दो डायलिसिस यूनिट
- तीसरी लहर आई तो चार से पांच एंबुलेंस की जरूरत होगी, अभी सिर्फ एक है।
- मरीज, परिजन और मेडिकल स्टॉफ के लिए कैंटीन और लांड्री की व्यवस्था
- छोटे ऑक्सीजन सिलेंडर बहुत कम है, लगभग 50 से 60 और चाहिए
- सिटी स्कैन मशीन अभी तक नहीं आई, 25 दिसंबर तक लगने का दा

# इंदौर में मेट्रो स्टेशन और भंवरकुआं-तेजाजी नगर फोरलेन रोड का भूमिपूजन भी करेंगे मुख्यमंत्री

सिंघम रिपोर्टर ❒ इंदौर



स्वच्छता को लेकर प्रदेश के जिन नगरीय निकायों ने बेहतर काम किया है उनको सम्मानित करने का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम 26 दिसंबर को इंदौर में होने जा रहा है। इंदौर में ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान उन नगरीय निकायों को सम्मानित करेंगे जिनको राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य के लिए चुना गया है। यह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम पहले भोपाल में होने वाला था।

इस दौरान शहर के मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के चंद्रगुप्त मेट्रो स्टेशन और गांधी नगर से एमआर-10 ब्रिज तक के हिस्से में एलिवेटेड मेट्रो कारिडोर के निर्माण का भूमिपूजन भी मुख्यमंत्री करेंगे। यह कार्यक्रम चंद्रगुप्त चौराहे पर होगा। भंवरकुआं से तेजाजी नगर तक फोरलेन रोड का भूमिपूजन भी किया जाएगा। कलेक्टर मनीषसिंह ने बताया कि सभी कार्यक्रमों के लिए जरूरी तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गांधी नगर से एमआर-10 ब्रिज तक के मेट्रो कारिडोर के अलावा गांधी नगर से रोबोट चौराहे के बीच प्रस्तावित 16 स्टेशनों का निर्माण रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को सौंपा गया है। गांधी नगर से एमआर-10 ब्रिज के हिस्से में करीब 11 किलोमीटर के मेट्रो कारिडोर और इस हिस्से के नौ स्टेशनों के निर्माण का ठेका 1034 करोड़ रुपये में दिया गया है। जबकि एमआर-10 ब्रिज से विजय नगर होते हुए रोबोट चौराहे तक सात स्टेशनों के निर्माण 382 करोड़ में रुपये में होगा। यह कार्य भी आरवीएनएल करेगा।

सिंघम 23-12-21

# ... 4.91 लाख व जलकर 89 हजार जमा

## जवाहर नगर के पास आज लगेगा बकाया वसूली शिविर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर आयोजित किये गये है जो 30 मार्च तक चलेंगे। अब तक नगर निगम को इन शिविर से संपत्तिकर 4.91 लाख व जलकर 89 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया आयोजित शिविर में शहरवासी बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस पुल्क एवं विकास पाखा से संबधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगें। निगम द्वारा आयोजित शिविर में नागरिकों ने गांधीनगर में संपत्तिकर 3,28,822 रुपए व जलकर 54,850 रुपए, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर में संपत्तिकर 1,62,575 रुपए व जलकर 34,520 रुपए की राशि जमा कराई है।

## आज से यहां शिविर

वार्ड क्रमांक 4, 5, 6, 8 व 13 के लिये 23 से 24 दिसम्बर तक अम्बे माता मंदिर जवाहर नगर, वार्ड क्रमांक 4 व 5 के लिये 27 व 28 दिसम्बर को विनोबा नगर पानी की टंकी के पास, वार्ड क्रमांक 5, 6 व 7 के लिये 29 से 30 दिसम्बर तक अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, वार्ड क्रमांक 9 के लिये 31 दिसम्बर को तिरुपति नगर में शिविर का आयोजन होगा।

पत्रिका 23-12-21

# पेंशन का भौतिक सत्यापन 65% हुआ

रतलाम. शहर में विभिन्न प्रकार की सामाजिक पेंशन के लिए सर्वे कार्य चल रहा हैं। 65 प्रतिशत सर्वे कार्य हो पाया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निःषक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। बुधवार तक 65000 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 65 प्रतिशत कार्य हुआ है।

पत्रिका 23-12-21

पत्रिका 23-12-21

# संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन

रतलाम। खनिज साधन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने राज्य विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप को बताया कि संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रकियाधीन है और सत्यापन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मंत्री जी ने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान में रतलाम नगर निगम क्षेत्र में 480 अपात्र हितग्राहियों के अपीलीय आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से परीक्षण उपरांत 86 पात्र पाए गए हैं, जिनके प्रकरण अपीलीय अधिकारी को भेज दिए गए हैं। उन्हें पात्र घोषित करने की कार्रवाई जारी है।शेष अपात्र हितग्राहियों द्वारा आवेदन करने पर नियमानुसार परीक्षण कर सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा सकेगा।

पत्रिका 23-12-21

# कलेक्टर ने लिया तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों का जायजा



रतलाम। जिले में कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट के खतरे के दृष्टिगत प्रशासन अलर्ट पर है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा लगातार तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। बुधवार को कलेक्टर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। तीसरी लहर से निबटने के लिए कलेक्टर ने बैठक लेते हुए मेडिकल कॉलेज की तैयारियों का जायजा लिया। मेडिकल कॉलेज

## ▶ ओमीक्रोन के खतरे के दृष्टिगत बड़ी बैठक आयोजित

के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने प्रेजेंटेशन द्वारा तैयारियों से अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने भी जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों का प्रजेंटेशन दिया।

बताया गया कि दूसरी लहर की तुलना में इस बार जिले में कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की पुख्ता तैयारी है। जो भी कमियां थी उनकी पूर्ति लगभग कर ली गई है। इनकी लगातार समीक्षा की जाती रहेगी। जिले में अब 4 ऑक्सीजन प्लांट है जिनमें दो जावरा, एक मेडिकल कॉलेज एवं एक जिला चिकित्सालय में है। सभी ऑक्सीजन प्लांट बढ़िया कंडीशन में है, उनकी मॉक ड्रिल भी कर ली गई है। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन क्षमता वृद्धि के लिए दो टैंक अब उपलब्ध हैं। मेडिकल उपकरण, मेडिसिन स्टॉफ आदि सभी तैयारियां समय रहते कर ली गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, प्राइवेट नर्सिंग होम्स के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तीसरी लहर से निबटने के लिए बिंदुवार विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि पिछले दो बार के अनुभव को सामने रखते हुए तैयारी की जाना है कोई भी कमी नहीं रखी जाएगी। इसलिए सभी स्टेकहोल्डर्स को बैठक में बुलाया गया है। हमें अपने सिस्टम को अलर्ट मोड पर रखना है। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने कॉलेज की तैयारियों के संबंध में बताया कि मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से तैयार है। सेकंड वेव में 550 बेड थे अब 654 बेड है। कॉलेज में 172 एचडीयू बेड है, अब 180 बेड है। आईसीयू की क्षमता 72 बेड है। पीडियाट्रिक आईसीयू बेड क्षमता 28 बेड की है। कुल 654 बेड है, इनमें 450 ऑक्सीजन बेड है। मेडिकल कॉलेज के पास 179 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर है। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के कारण शत-प्रतिशत बेड ऑक्सीजनयुक्त रहेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपकरणों एवं तैयारियों की मॉक ड्रिल करते रहे। कॉलेज डीन ने बताया कि ऑक्सीजन के मामले में 48 घंटे का बेकअप रहेगा। बताया गया कि प्रथम लहर में 96 प्रतिशत मरीज रिकवर किए गए थे, दूसरी लहर में 91 प्रतिशत मरीज रिकवर हुए। मेडिकल कॉलेज में स्टाफ पर्याप्त मात्रा में है, 307 नया नर्सिंग स्टाफ आया है। कुल 327 का नर्सिंग स्टाफ है और आवश्यकता यदि होगी तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से अतिरिक्त स्टाफ मिल जाएगा।

मेडिकल कॉलेज में 76 वेंटीलेटर, 19 बायपेप मशीन, 176 बेड साइड मॉनिटर है। मेडिकल कॉलेज को अभी पीडियाट्रिक्स के लिए और वेंटिलेटर चाहिए। छोटे सिलेंडर की भी अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है। अभी 30 सिलेंडर उपलब्ध है। कॉलेज को दो डायलिसिस यूनिट और चाहिए। एंबुलेंस अभी एक है परंतु लहर की स्थिति में चार या पांच एंबुलेंस की आवश्यकता हो सकती है। कलेक्टर ने मरीजों, उनके परिजनों और मेडिकल स्टाफ के लिए कैंटीन की व्यवस्था मेडिकल कॉलेज में ही से करने के निर्देश दिए, लॉन्ड्री व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने पूरे जिले में तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जावरा के दोनों ऑक्सीजन प्लांट फंक्शनल है। जिला चिकित्सालय का ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल कॉलेज का ऑक्सीजन प्लांट भी बढ़िया स्थिति में है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जावरा के निर्माणाधीन मातृ शिशु अस्पताल में भी तीसरी लेनें से निबटने की तैयारी रखें, वहां आलोट तक के मरीज कवर किए जा सकते हैं। डॉक्टर ननावरे ने बताया कि जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थाओं में 943 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय में 7 वेंटिलेटर है जिनमें से छह चालू है। कलेक्टर ने सभी वेंटिलेटर चालू हालत में रखने के निर्देश दिए। बाई पेप मशीन 2 है।

बताया गया कि आगामी 25 दिसंबर के आसपास मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय के लिए सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध हो जाएगी। कोविड- केयर सेंटर अभी एक तैयार है जो रतलाम स्थित नवीन कन्या परिसर में बनाया गया है। कलेक्टर ने कि जिला चिकित्सालय में 1 वार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही मेडिकल कॉलेज में एक वार्ड संदेहास्पद मरीजों के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित डॉक्टर जयंत सूभेदार द्वारा प्राइवेट अस्पतालों में कोरोना से निपटने की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्राइवेट में भी काफी हद तक तैयारियां कर ली गई है। कलेक्टर ने कांटेक्ट ट्रेसिंग पर जोर दिया। सीएमएचओ को निर्देश दिए कि जितने भी कार्यक्रम पब्लिक प्लेस पर कार्यक्रम हो रहे हैं वहां लगातार कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाए।




# कॉमर्स कालेज व डोंगरे नगर रोड से हटाया अतिक्रमण

## अतिक्रमण हटाने के बाद 20 फीट चौड़ी हुई सड़क

**सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम**

कॉमर्स कॉलेज व डोंगरे नगर रोड अवैध गुमटी, ठेले, टीन शेड हटाये जाने की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मांग पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यवाही करते हुए उक्त स्थलों से अतिक्रमण को हटवाया।

ज्ञातव्य है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिशद द्वारा कॉमर्स कॉलेज व डोंगरे नगर रोड अवैध गुमटी, ठेले, टीन शेड हटाये जाने का ज्ञापन दिये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने तत्काल नगर निगम के अतिक्रमण दल को उक्त स्थलों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार 20 दिसम्बर को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही डोंगरे नगर रोड से कॉमर्स कॉलेज रोड तक व कॉमर्स कॉलेज रोड से भवन निर्माण कला केन्द्र तिराहे तक प्रारंभ कि जो 21 दिसम्बर को दोपहर तक चली जिसके तहत 25 अवैध गुमटी, 12 ठेले, 10 मकानों के टीन षेड व ओटलो को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के पश्चात् सड़क की चौड़ाई में लगभग 20 फीट की वृद्धि हुई है जिससे कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार व अतिक्रमण दल उपस्थित था।

## खुले में गंदगी करने पर 13 व्यक्तियों पर जुर्माना

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 21 दिसम्बर को 13 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर राजेन्द्र फास्ट फुड सेन्टर जवाहर नगर मुक्तिधाम रोड पर 2000, चाय-साय टी स्टॉल 80 फीट रोड पर 1000, एच.के. चौधरी, सोनू पाटीदार सैलाना रोड, सुमीत पावर हाउस रोड, वीरसिंह, पवन दो बत्ती, कुलदीप, विनायक, दिलीप गोस्वामी, अमित फ्रीगंज रोड पर 100-100, भाटीजी सैलाना रोड, प्रदीप फ्रीगंज रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईष दी।

इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 43 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

सिंघम टाइम्स
22-12-21

## तीसरी लहर की संभावना को लेकर प्रशासन की अहम बैठक

# मास्क नहीं लगाने वालों पर होगी सख्ती, शादी समारोह और अन्य आयोजनों में की जाएगी रेंडम आरटीपीसीआर टेस्टिंग

23-12-21

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

## दूसरी लहर की तुलना में अब है पुख्ता तैयारी



जिले में कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट के खतरे के दृष्टिगत प्रशासन अलर्ट पर है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा लगातार तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। बुधवार को कलेक्टर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। तीसरी लहर से निपटने के लिए कलेक्टर ने बैठक लेते हुए मेडिकल कॉलेज की तैयारियों का जायजा लिया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने प्रेजेंटेशन द्वारा तैयारियों से अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने भी जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों का प्रजेंटेशन दिया।

बताया गया कि दूसरी लहर की तुलना में इस बार जिले में कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की पुख्ता तैयारी है। जो भी कमियां थी उनकी पूर्ति लगभग कर ली गई है, इनकी लगातार समीक्षा की जाती रहेगी। जिले में अब 4 ऑक्सीजन प्लांट हैं, जिनमें दो जावरा, एक मेडिकल कॉलेज एवं एक जिला चिकित्सालय में है। सभी ऑक्सीजन प्लांट बढ़िया कंडीशन में है, उनकी मॉक ड्रिल भी कर ली गई है। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन क्षमता वृद्धि के लिए दो टैंक अब उपलब्ध है। मेडिकल उपकरण, मेडिसिन स्टॉफ आदि सभी तैयारियां समय रहते कर ली गई है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एस डी एम अभिषेक गहलोत, प्रॅाइवेट नर्सिंग होम्स के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तीसरी लहर से निपटने के लिए बिंदुवार विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने कहा कि पिछले दो बार के अनुभव को सामने रखते हुए तैयारी की जाना है, कोई भी कमी नहीं रखी जाएगी, इसलिए सभी स्टेक होल्डर्स को बैठक में बुलाया गया है। हमें अपने सिस्टम को अलर्ट मोड पर रखना है।

मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने कॉलेज की तैयारियों के संबंध में बताया कि मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से तैयार है। सेकंड वेव में 550 बेड थे, अब 654 बेड है। कॉलेज में 172 एचडीयू बेड है, अब 180 बेड है। आईसीयू की क्षमता 72 बेड है। पीडियाट्रिक आईसीयू बेड क्षमता 28 बेड की है। कुल 654 बेड है, इनमें 450 ऑक्सीजन बेड है। मेडिकल कॉलेज के पास 179 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर है। ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के कारण शत-प्रतिशत बेड ऑक्सीजनयुक्त रहेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपकरणों एवं तैयारियों की मॉक ड्रिल करते रहे। कॉलेज डीन ने बताया कि ऑक्सीजन के मामले में 48 घंटे का बेकअप रहेगा। बताया कि प्रथम लहर में 96 प्रतिशत मरीज रिकवर किए गए थे, दूसरी लहर में 91 प्रतिशत मरीज रिकवर हुए। मेडिकल कॉलेज में स्टाफ पर्याप्त मात्रा में है, 307 नया नर्सिंग स्टॉफ आया है। कुल 327 का नर्सिंग स्टॉफ है और आवश्यकता यदि होगी तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से अतिरिक्त स्टॉफ मिल जाएगा।

मेडिकल कॉलेज में 76 वेंटीलेटर, 19 बायपेप मशीन, 176 बेड साइड मॉनिटर है। मेडिकल कॉलेज को अभी पीडियाट्रिक्स के लिए और वेंटिलेटर चाहिए। छोटे सिलेंडर की भी अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है। अभी 30 सिलेंडर उपलब्ध है। कॉलेज को दो डायलिसिस यूनिट और चाहिए। एंबुलेंस अभी एक है, परंतु लहर की स्थिति में चार या पांच एंबुलेंस की आवश्यकता हो सकती है। कलेक्टर ने मरीजों, उनके परिजनों और मेडिकल स्टॉफ के लिए कैंटीन की व्यवस्था मेडिकल कॉलेज में ही से करने के निर्देश दिए, लॉन्ड्री व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने पूरे जिले में तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जावरा के दोनों ऑक्सीजन प्लांट फंक्शनल है। जिला चिकित्सालय का ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल कॉलेज का ऑक्सीजन प्लांट भी बढ़िया स्थिति में है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जावरा के निर्माणाधीन मातृ शिशु अस्पताल में भी तीसरी लेने से निबटने की तैयारी रखें, वहां आलोट तक के मरीज कवर किए जा सकते हैं। डॉक्टर ननावरे ने बताया कि ज़िले में विभिन्न चिकित्सा संस्थाओं में 943 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय में 7 वेंटिलेटर है, जिनमें से छह चालू है। कलेक्टर ने सभी वेंटिलेटर चालू हालत में रखने के निर्देश दिए। बाई पेप मशीन 2 है। बताया गया कि आगामी 25 दिसंबर के आसपास मेडिकल कॉलेज तथा जिला चिकित्सालय के लिए सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध हो जाएगी। कोविड- केयर सेंटर अभी एक तैयार है, जो रतलाम स्थित नवीन कन्या परिसर में बनाया गया है। कलेक्टर ने कि जिला चिकित्सालय में 1 वार्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही मेडिकल कॉलेज में एक वार्ड संदेहास्पद मरीजों के लिए तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित डॉक्टर जयंत सूबेदार द्वारा प्राइवेट अस्पतालों में कोरोना से निपटने की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्राइवेट में भी काफी हद तक तैयारियां कर ली गई है। कलेक्टर ने, कांटेक्ट ट्रेसिंग पर जोर दिया। सी एम एच ओ को निर्देश दिए कि जितने भी कार्यक्रम पब्लिक प्लेस पर कार्यक्रम हो रहे हैं, वहां लगातार कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाए। त्रिवेणी का मेला लगने वाला है वहां पर सघन कांटेक्ट ट्रेसिंग हो, सिनेमा हॉल अथवा खासतौर पर पूरे जिले के लोग जहां पर एकत्रित होते हैं, वहां कांटेक्ट ट्रेसिंग की व्यवस्था की जाए, सैंपल लेते रहे। जिले के मेडिकल स्टॉफ के लिए ट्रेनिंग माड्यूल तैयार करें और सतत ट्रेनिंग देते रहे मास्क पर सख्ती जारी रहेगी।

एस डी एम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि रैपिड रिस्पांस टीम की बैठक लेकर उन्हें अपडेट करें। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने भी आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को बैठक में दिए।

कॉलोनियों की खेती : सैलाना की

# अवैध कॉलोनियों की जांच शुरू

## नामांतरण व अन्य कार्रवाई रोकने के आदेश

भास्कर संवाददाता | रतलाम/सैलाना

जावरा, नामली और रतलाम के बाद सैलाना की अवैध कॉलोनियों की जांच शुरू हो गई है। खासतौर पर भीलोत की खेड़ी, जिनिंग फैक्टरी और पिपलौदा रोड की जमीनों पर की अवैध प्लाटिंग पर नजर है। फिलहाल जमीनों और प्लॉटों के संबंध में होने वाली डायवर्शन, नामांतरण सहित अन्य दस्तावेजी कार्रवाई पर रोक है।

बताया जा रहा है कि प्रशासन ने बाकायदा नगर परिषद को आदेश जारी किया है। वर्तमान में प्रशासन ने सिर्फ तहसील कार्यालय के बिलकुल सामने विधिवत रूप से डवलप की जा रही कॉलोनी को परमिशन जारी की है। कुछ दिनों में कॉलोनी के प्लॉटों की रजिस्ट्री होने लगेगी। बता दें पिछले कुछ समय से सैलाना के बाहरी इलाके की जमीनों पर बिना अनुमति अवैध प्लॉटिंग कर भूखंड बेचे जा रहे हैं। इनमें पिपलौदा रोड, भीलों की खेड़ी, जिनिंग फैक्ट्री सहित कुछ अन्य जमीनें शामिल हैं। रतलाम में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम अवैध कॉलोनियों की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं। शिकायतें मिलने के बाद कॉलोनी सेल द्वारा संबंधित क्षेत्र के एसडीएम और तहसीलदारों से अपने-अपने क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों की जांच करवाई जा रही है। भा.स. 2/7

# तीसरी लहर आई तो 654 बेड, चार आक्सीजन प्लांट तैयार

## ओमिक्रोन का खतरा बढ़ा, लेकिन सभी जरूरी इंतजाम पूरे, कलेक्टर ने बैठक में लिया तैयारियों का जायजा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना के ओमिक्रोन वेरिएंट के खतरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन अलर्ट है। बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक लेते हुए मेडिकल कालेज की तैयारियों का जायजा लिया। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने प्रजेंटेशन द्वारा तैयारियों से अवगत कराया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रभाकर ननावरे ने भी जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों की जानकारी दी।

बताया गया कि दूसरी लहर की तुलना में इस बार पुख्ता तैयारी है। जो भी कमियां थी उनकी पूर्ति लगभग कर ली गई है। इनकी लगातार समीक्षा की जाती रहेगी। मेडिकल उपकरण, मेडिसिन स्टाफ आदि सभी तैयारियां समय रहते कर ली गई है। कलेक्टर ने कहा कि पिछले दो बार के अनुभव को सामने रखते हुए तैयारी की जाना है कोई भी कमी नहीं रखी जाएगी। इसलिए सभी स्टेकहोल्डर्स को बैठक में बुलाया गया है। हमें अपने सिस्टम को अलर्ट मोड पर रखना है। जावरा के निर्माणाधीन मातृ शिशु अस्पताल में भी तीसरी लहर से निपटने की तैयारी रखें, वहां आलोट तक के मरीज कवर किए जा सकते हैं। मेडिकल कालेज में पहली लहर में 550 बेड थे, जो अब 654 हो गए हैं। एचडीयू बेड की संख्या 172 से बढ़ाकर 180 कर दी गई है। बैठक में एसपी गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एएसपी डा. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम अभिषेक गहलोत, प्राइवेट नर्सिंग होम्स के डाक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### कोरोना के खिलाफ लड़ाई की तैयारी इस तरह



**आक्सीजन :** जिले में अब चार आक्सीजन प्लांट है, जिनमें दो जावरा, एक मेडिकल कालेज एवं एक जिला अस्पताल में है। सभी आक्सीजन प्लांट चालू हालत में है, उनकी माक ड्रिल भी कर ली गई है। मेडिकल कालेज में आक्सीजन स्टोरेज क्षमता वृद्धि के लिए दो टैंक अब उपलब्ध है। आक्सीजन का 48 घंटे का बैकअप रहेगा। दूसरी लहर में आक्सीजन की आपूर्ति को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी हुई थी।



**स्टाफ :** मेडिकल कालेज में 307 लोगों का नया नर्सिंग स्टाफ आया है। कुल 327 का नर्सिंग स्टाफ है। और आवश्यकता पड़ती है तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से अतिरिक्त स्टाफ मिल जाएगा।




**कोविड केयर सेंटर :** रतलाम स्थित नवीन कन्या परिसर में एक सेंटर बनाया गया है। जिला अस्पताल में भी एक वार्ड बनाने व मेडिकल कालेज में एक वार्ड संदेहास्पद मरीजों के लिए तैयार करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

**निजी अस्पताल :** बैठक में उपस्थित डाक्टर जयंत सूभेदार द्वारा बताया कि निजी अस्पतालों में काफी हद तक तैयारियां कर ली गई है।



सैलाना रोड पर बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज का मुख्य द्वार। ● फाइल फोटो




### जिले में स्वास्थ्य संस्थाओं की यह स्थिति

जिले की संस्थाओं में 943 आक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध है। जिला चिकित्सालय में सात वेंटिलेटर हैं, जिनमें से छह चालू है। कलेक्टर ने सभी वेंटिलेटर चालू हालत में रखने के निर्देश दिए। बाईपेप मशीन दो है। 25 दिसंबर के आसपास मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल के लिए सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध हो जाएंगी।

### इनकी जरूरत अभी भी

मेडिकल कालेज को अभी पीडियाट्रिक्स के लिए और वेंटिलेटर चाहिए। छोटे सिलिंडर की भी अतिरिक्त रूप से आवश्यकता है। अभी 30 सिलिंडर उपलब्ध है। कालेज को दो डायलिसिस यूनिट और चाहिए। एंबुलेंस अभी एक है, लेकिन लहर की स्थिति में चार या पांच एंबुलेंस की आवश्यकता हो सकती है। कलेक्टर ने मरीजों, उनके स्वजनों और मेडिकल स्टाफ के लिए कैंटीन की व्यवस्था मेडिकल कालेज में ही करने के निर्देश दिए। लांड्री व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया।

### कोरोना अब तक



कुल पाजिटिव
**17508**

स्वस्थ हुए
**17196**

मौत
**311**

एक्टिव मरीज
**1**

**96%** रिकवरी पहली लहर

**91%** रिकवरी दूसरी लहर

### संक्रमण रोकने के लिए यह रणनीति

- **कांटेक्ट ट्रेसिंग :** सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले कार्यक्रमों में लगातार कांटेक्ट ट्रेसिंग की जाएगी। त्रिवेणी मेले के साथ ही सिनेमा हाल व खासतौर पर पूरे जिले के लोग जहां पर एकत्रित होते हैं वहां कांटेक्ट ट्रेसिंग, सैंपल लेने के निर्देश कलेक्टर ने दिए है।
- **ट्रेनिंग :** जिले के मेडिकल स्टाफ के लिए ट्रेनिंग माड्यूल तैयार करें और सतत ट्रेनिंग देते रहें। मास्क पर सख्ती जारी रहेगी।
- **रैपिड रिस्पांस :** एसडीएम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया गया कि रैपिड रिस्पांस टीम की बैठक लेकर उन्हें अपडेट करें।

## न्यूज गैलरी

### 8 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

तलाम। नगर निगम आयुक्त मनाथ झारिया के निर्देशानुसार गर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों माध्यम से घर-घर से पृथक-थक एकत्रित किया जा रहे गीले-खे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों सफाई के दौरान निकलने ले कचरे का प्रतिदिन वजन कर लवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया रहा है। इसके तहत बुधवार को टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग उंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 780, ट्रैक्टर-ट्राली से 17165, म्पेक्टर सूखा कचरा 10890, म्पेक्टर गीला कचरा 15780 ल 68615 किलो रा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड ाया गया।

### जीबीनि के जोनल जर आज आएंगे

लाम। भारतीय जीवन बीमा म मध्य क्षेत्र के जोनल मैनेजर श चंद्र 23 दिसंबर को रतलाम गे। वे भाजीबीनि की तीनों ाओं का निरीक्षण करेंगे। ही अधिकारियों, कर्मचारियों भिकर्ताओं से चर्चा करेंगे। कारी भाजीबीनि के हितेंद्र याय ने दी।

### ल योजना में पंजीयन की र्वाई प्रक्रियाधीन

म। खनिज साधन मंत्री बृजेंद्र सिंह ने बुधवार को राज्य सभा में विधायक चेतन्य प को बताया कि संबल योजना ीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन र सत्यापन की प्रक्रिया निरंतर है। मंत्री ने यह भी जानकारी दी मान में रतलाम नगर निगम 480 अपात्र हितग्राहियों के ीय आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें क्षण उपरांत 86 पात्र पाए जिनके प्रकरण अपीलीय ारी को भेज दिए गए है। त्र घोषित करने की कार्रवाई । शेष अपात्र हितग्राहियों ावेदन करने पर नियमानुसार कर सत्यापन कार्य पूर्ण ा सकेगा।

### ) पेंशन हितग्राहियों का क सत्यापन

। शहर के सामाजिक सुरक्षा, ांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त सामाजिक सुरक्षा वृद्धा विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, क बहुविकलांग पेंशन प्राप्त ले हितग्राहियों का शासन के सार भौतिक सत्यापन वार्ड नियुक्त कर्मचारियों द्वारा जाकर व वार्डवार बनाए गए किया जा रहा है। इसके वार तक 6500 पेंशन यों का भौतिक सत्यापन चुका है।

---

संबल योजना

# संबल योजना में 394 अपात्र घोषित, 480 ने की थी अपील, 86 हितग्राही ही पात्र पाए गए

पत्रिका डेटा डिकोडेड

### फिर से अपील करने का अधिकार दिया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. संबल योजना में लाभ लेने के लिए अपात्र आए 480 हितग्राहियों ने अपील की थी। इनमे से 394 को फिर से अपात्र घोषित किया गया है। अपील के बाद की गई जांच में मात्र 86 पात्र पाए गए। अब शेष रहे 394 को फिर से अपील करने का अधिकार दिया गया है।

असल में यह खुलासा बुधवार को विधानसभा में तब हुआ जब शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने इससे जुड़ा सवाल किया। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि विधानसभा में किए गए सवाल के बाद खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने जवाब दिया है।

### यह दिया सदन में मंत्री ने जवाब

मंत्री सिंह ने सदन को शहर विधायक काश्यप के किए गए सवाल के जवाब में बताया कि संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है और सत्यापन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मंत्री सिंह ने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान में रतलाम शहर नगर निगम क्षेत्र में 480 अपात्र हितग्राहियों के अपीलीय आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से परीक्षण उपरांत 86 पात्र पाए गए हैं। जिनके प्रकरण अपीलीय अधिकारी को भेज दिए गए हैं। उन्हें पात्र घोषित करने की कार्रवाई जारी है। शेष अपात्र हितग्राहियों द्वारा आवेदन करने पर नियमानुसार परीक्षण कर सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा सकेगा।

पत्रिका
23-12-21

०० टन से अधिक कच जुलवानिया पहुंचा- रतलाम. घ से एकत्र कचरा जुलवानिया ट्रेंचि ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा बुधवार को 68 टन से अधिक कच ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर भेजा। कु 68615 किलो कचरा जुलवानिय ट्रेंचिंग ग्राउण्ड भेजा गया।

---

# संबल योजना में अनुग्रह सहायता समय-सीमा में वृद्धि

नई दुनिया

### 90 दिन के स्थान पर अब 180 दिवस में हो सकेगा प्रकरण दर्ज

23-12-21

रतलाम। मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना में अनुग्रह सहायता के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया को और अधिक सहज बनाया गया है। योजना में आवेदन देने की 90 दिवस की अवधि को बढ़ाकर 180 दिवस किया गया है।

योजना के संचालन के लिए एनआइसी द्वारा निर्मित पोर्टल पर अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरण दर्ज किए जाते हैं। मृतक के परिजन द्वारा मृत्यु से सात दिवस में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अंत्येष्टि सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाता है तो अनुग्रह सहायता का प्रकरण दर्ज करने की कोई समय-सीमा नहीं है। लेकिन मृत्यु के सात दिवस के भीतर अंत्येष्टि सहायता का प्रकरण पोर्टल पर दर्ज नहीं किया जाता है तो अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरण दर्ज करने के लिए मृत्यु दिवस से 90 दिवस के स्थान पर अब 180 दिवस की समय-सीमा में हितग्राही अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

नई दुनिया
23-12-21

---

### संबल में पंजीयन कर सत्यापन किया जा रहा

रतलाम | राज्य विधानसभा में बुधवार को विधायक चेतन्य काश्यप ने संबल योजना का मामला उठाया। विधायक काश्यप के सवाल पर खनिज साधन मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। सत्यापन किया जा रहा है। वर्तमान में रतलाम नगर निगम क्षेत्र में 480 अपात्र हितग्राहियों के अपीलीय आवेदन मिले हैं। इनमें से परीक्षण के बाद 86 पात्र पाए हैं। ये प्रकरण अपीलीय अधिकारी को भेज दिए हैं। इन्हें पात्र घोषित करने की कार्रवाई की जा रही है। बाकी अपात्र हितग्राहियों के आवेदन करने पर नियमानुसार परीक्षण कर सत्यापन किया जाएगा।

भास्कर
23-12-21

---

# शहर में सब्जी व फल विक्रेताओं के लिये बनेंगे हॉकर्स झोन


रतलाम। नगर को स्वच्छ-सुन्दर बनाने व यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु ऐसे सब्जी व फल विक्रेताओं जो की सड़क किनारे, फुटपाथ पर बैठकर व्यवसाय करते है उन्हे व्यवसाय करने हेतु उचित स्थान उपलब्ध कराये जाने के लिये निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत व सीएसपी हेमन्त चौहान ने स्थल चयन हेतु बैठक ली।

आयोजित बैठक में पटरी पार क्षेत्र के सब्जी व फल विक्रेताओं हेतु साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, राम मंदिर ब्रीज के नीचे व विनोबा नगर मुक्तिधाम के पीछे स्थल उपलब्ध कराये जाने हेतु चर्चा की गई। चर्चा में तय किया गया कि उक्त स्थलों को डवलप कराया जाये व सब्जी तथा फल विक्रेताओं का पंजीयन कर उन्हे स्थल उपलब्ध कराया जाये। अलग-अलग स्थानों पर फल व सब्जी मिलने पर नागरिकों को सुविधा होने के साथ ही विक्रेताओं को भी आर्थिक लाभ होगा तथा यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

नई दुनिया
23-12-21

प्रभात किरण 22-12-21

# कब्जे हटाने से 20 फीट सड़क चौड़ी



रतलाम, नप्र। कॉमर्स कॉलेज व डोंगरेनगर रोड से अवैध गुमटी, ठेले और टीन शेड हटाये गए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने कॉलेज की सीमा से कब्जे हटाए जाने की मांग की थी जिस पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्रवाई करते हुए कॉलेज के जमीन के साथ ही आसपास के इलाकों से भी कब्जे हटाए गए।

ज्ञातव्य है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने कॉमर्स कॉलेज व डोंगरेनगर रोड अवैध गुमटी ठेले, टीन शेड हटाये जाने का ज्ञापन दिया जिस पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने तत्काल नगर निगम के अतिक्रमण दल को इन जगहों पर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। निगम आयुक्त झारिया के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही डोंगरेनगर रोड से कॉमर्स कॉलेज रोड तक व कॉमर्स कॉलेज रोड से भवन निर्माण कला केन्द्र तिराहे तक की गई।

निगम से मिली जानकारी के मुताबिक कल हटाए गए कब्जों के तहत 25 अवैध गुमटियां हटाई गई इसके अलावा 12 ठेले और दस मकानों के टीन शेड और ओटले जो कब्जे की हद में आ रहे है उन्हें भी हटाया गया यहां से अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क की चौड़ाई में तकरीबन 20 फीट की वृद्धि हुई है जिससे कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। कार्यवाही सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेष पाटीदार की देखरेख में हुई।




प्रभात किरण
23-12-21

**करीब 50 कब्जे हटाएं :** लोगों ने गुमटियां व टीन शेड लगाकर कर लिया था अतिक्रमण

# एबीवीपी के प्रदर्शन के बाद कॉमर्स कालेज रोड पर चली जेसीबी, 20 फीट चौड़ी हुई सड़क

अग्निबाण 23-12-21



● रतलाम

**शहर के कॉमर्स कॉलेज व डोंगरे नगर रोड पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सोमवार को प्रदर्शन किया था। इसका असर यह हुआ कि निगम अधिकारी हरकत में आए, तुरंत निगम अमले को भेजकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही।**

मालूम हो कि अभाविप द्वारा कॉमर्स कॉलेज सहित आसपास के क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को लेकर विरोध दर्ज किया था। क्षेत्र में गुमटी, ठेले, टीन शेड अवैध रूप से लगाकर अतिक्रमण कर लिया था। विरोध के बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्रवाई करते हुए उक्त स्थलों से अतिक्रमण को हटवाया। सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही डोंगरे नगर रोड से कॉमर्स कॉलेज रोड तक व कॉमर्स कॉलेज रोड से भवन निर्माण कला केन्द्र तिराहे तक प्रारंभ कि गई थी जो 21 दिसम्बर को दोपहर तक चली जिसके तहत 25 अवैध गुमटी, 12 ठेले, 10 मकानों के टीन शेड व ओटलो को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क की चौड़ाई में लगभग 20 फीट की वृद्धि हुई है जिससे कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री एम.के.जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार व अतिक्रमण दल उपस्थित था।

अग्निबाण 22-12-21

## स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य अमले की मेहनत से रतलाम जिला वैक्सीनेशन में शत-प्रतिशत के नजदीक

रतलाम। जिले में खास तौर पर स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पिछले 6 माह से बहुत मेहनत करके जिले को वैक्सीनेशन लक्ष्य के अत्यंत नजदीक ला दिया है। शीघ्र ही हम शत-प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले हैं। प्रतिदिन की माइक्रो प्लानिंग कर जिले में शेष रहे व्यक्तियों को वैक्सीनेट करें। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना की समीक्षा भी की गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी 25 दिसंबर तक शत-प्रतिशत हितग्राहियों के बैंक ऋण स्वीकृत करा दिए जाएं ताकि वे वाहन क्रय कर सकें। योजना में जिले के 20 सेक्टर्स में शासन द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को वाहन क्रय कराने के लिए ऋण सुविधा बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है ताकि योजना के अंतर्गत आदिवासी हितग्राही अपने वाहन से राशन का ट्रांसपोर्टेशन कर सके जिसका भाड़ा लाभ उन्हें मिलेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी को मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया।

निष्पक्ष 23-12-21

# निर्माणाधीन क्रास ड्रेन में फंसी ट्रैक्टर-ट्राली



हरदेवलाला की पीपली से तोपखाना के बीच क्रास ड्रेन निर्माण के गड्ढे में फंसी ट्रैक्टर-ट्राली। ●नईदुनिया

23-12-21

**परेशानी**

- नाले का एक हिस्सा खुला होने से एक ही हिस्से से आवाजाही
- करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ट्राली को जेसीबी से निकाला

रतलाम। हरदेवलाला की पीपली से तोपखाना के बीच क्रास ड्रेन निर्माण का कार्य डेढ़ माह में भी पूरा नहीं हो पाया है। नाले का एक हिस्सा खुला होने से सड़क के एक ही हिस्से से आवाजाही हो रही है।

बुधवार सुबह करीब सात बजे रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली क्रास ड्रेन के पहले बनाए गए हिस्से में फंस गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ट्राली को जेसीबी की सहायता से निकाला गया। इस दौरान आवागमन भी बाधित रहा। क्षेत्रवासी निर्माण कार्य धीमी गति से होने की शिकायत कई बार प्रशासन व नगर निगम अधिकारियों को कर चुके हैं।

नई दुनिया 23-12-21

## लाजिस्टिक पार्क निर्माण के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी को प्रस्ताव भेजा

अग्निबाण 23-12-21

रतलाम। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह प्रेमसिंह दत्तीगाव ने आज राज्य विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप को बताया कि रतलाम में प्रस्तावित औद्योगिक निवेश क्षेत्र में लाजिस्टिक पार्क निर्माण का सुझाव नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को दिया गया है। अथारिटी द्वारा आर्थिक-तकनीकी मूल्यांकन उपरांत आगामी कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। श्री काश्यप ने मंत्री जी से पूछा था कि मुख्यमंत्री जी ने रतलाम में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र में लाजिस्टिक् पार्क निर्माण के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को जमीन देने की घोषणा की थी, इस कार्य की क्या प्रगति है।

अग्निबाण 23-12-21

**वर्तमान प्रक्रिया में 1 दुकान बेच पाया निगम,** नियमों के फेर में उलझ कर रह जाते हैं आवेदक

# संपत्ति बेचने पर नगर निगम ने खर्च कर दिए लाखों, सामने आया एक खरीददार

पत्रिका सिटी स्टोरी

सौरभ पाठक
patrika.com

रतलाम. नगर निगम द्वारा महू रोड पर बनाए गए सुभाष कॉम्प्लेक्स को ग्रहण लगा नजर आ रहा है। निगम द्वारा उसकी 99 दुकानों को बेचने के लिए बार-बार विज्ञप्ति जारी निकाली जा रही है लेकिन उसे कोई खरीददार नहीं मिल पा रहा है। निगम ने अपनी इस संपत्ति को बेचने के लिए अबकी बार तो लाखों रुपए खपा दिए लेकिन इतना करने के बाद भी उसे सिर्फ एक ही खरीददार मिल पाया है, जिसके चलते निगम ने उक्त दुकानों को बेचने के लिए जितनी राशि प्रचार-प्रसार व अन्य चीजों में खर्च कर दी, उतनी लागत भी वह वसूल नहीं पाया है।

नगर निगम की संपत्तियों में शामिल सुभाष कॉम्प्लेक्स में दुकानों के नहीं बिक पाने की सबसे बड़ी वजह निगम की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगना बताया जा रहा है। दरअसल शहर के जो भी लोग उक्त दुकानों को खरीद सकते है, उनके बीच निगम अब तक विश्वास पैदा नहीं कर सका है जिसके चलते बीते कुछ वर्षों में आधा दर्जन से अधिक बार निगम इस मार्केट की दुकान बेचने के लिए विज्ञप्ति जारी कर चुका है लेकिन अब तक उम्मीद के अनुरूप खरीदार नहीं मिल पा रहे हैं।



**नगर निगम 23 वर्षों में कॉम्पलेक्स में 23 दुकानें नहीं बेच सका**

निगम के द्वारा वर्ष 1999 में बनाए गए इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में कहने के लिए 99 दुकानें है लेकिन उनकी कीमतें आसमान को छूती नजर आ रही है। इसी कारण से बीते 23 वर्षों में 23 दुकानें भी नहीं बिक सकी है। वर्तमान में निगम द्वारा 32 से 35 लाख रुपए दुकानों की कीमत तय की गई है। लेकिन तल घर और ऊपर हिस्से की दुकानों की कीमत में बहुत ज्यादा अंतर नहीं होने से कोई भी व्यक्ति लाखों रुपए खर्च करके तल घर की दुकान चाह कर भी नहीं ले पाता है। आवेदक सिर्फ मुख्य मार्ग की ऊपर की दुकानों पर नजर रखता है।

## अपनों पर ही आरोप

निगम की संपत्तियों के नहीं बिक पाने की बड़ी वजह अधिकारी और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को माना जा रहा है जिससे परेशान होकर उपभोक्ता स्वयं को प्रताड़ित समझने लगता है। यहीं कारण भी है कि पूरे सुभाष शॉपिंग काम्प्लेक्स में सिर्फ गिनती की दुकानें ही बिकी है, शेष सभी दुकानों में अब भी ताले ही लगे है। हालात यह हो गए कि बंद पड़ी दुकानों के शटर ही सड़ गए थे जिन्हे निगम ने हालही में दुरूस्त कराया है।

## 30 करोड़ की अनुमानित आय का सपना

निगम के सुभाष कॉम्प्लेक्स की सभी दुकानों के बिकने पर निगम को करीब 30 करोड़ रुपए की अनुमानित आय की उम्मीद है। यदि सही तरीके से निगम के जिम्मेदार इसे बेचने की प्रक्रिया करें तो खरीददार भी इसमें रूचि लें लेकिन पूर्व की प्रक्रिया में आवेदन करने के बाद भी निगम की कार्यप्रणाली का पेंच फंसने से दुकानें स्वीकृत नहीं होने से आवेदकों का समय के साथ फार्म की राशि का नुकसान हुआ है। ऐसे में अब लोग निगम की संपत्ति को खरीदने में कम ही रूचि ले रहे है।

## बस स्टैंड के भी यहीं हाल

महू रोड बस स्टैंड पर निगम द्वारा बनाई गई दुकानों को लेकर भी लोगों की रूचि कम ही है। यहां पर एक दुकान के लिए विज्ञप्ति निकलने पर एक आवेदक ने आवेदन भी किया लेकिन उसे सब कुछ बेहतर होने के बाद अंतिम प्रक्रिया में बाहर कर दिया गया, आवेदक की माने तो पूरा आवेदन नियमानुसार किया गया था लेकिन तकनीकी कारण बताकर उसके आवेदन को निरस्त कर दिया गया जिसकी वजह से आवेदन के पांच हजार रुपए डूब ही गए।

पत्रिका 23-12-21

छ: माह में दिखेगा इसका असर : जयपुर की कम्पनी शहर में पांच हजार श्वानों का बधियाकरण करेगी

# डॉग बाईट रोकने शुरु हुआ श्वानों का बधियाकरण

● रतलाम

**शहर के लोगों को अपना शिकार बना रहे आवारा श्वानों का आज से बधियाकरण शुरु कर दिया गया है। जयपुर की एक कंपनी को इसका ठेका दिया गया जो पहले चरण में करीब पांच हजार श्वानों का बधियाकरण करेगी। प्रदेश में डॉग बाईट के मामले में दूसरे नंबर पर आ चुके रतलाम में बधियाकरण के इस कदम से राहत मिलने की उम्मीद है। बताया जाता है कि बधियाकरण होने के बाद करीब छ: महीनों में इसका असर देखने को मिलता है।**

गौरतबल है कि जिला अस्पताल में हर दिन दो तीन डॉग बाईट के मामले आ रहे है और कभी कभी यह आंकड़ा दस के उपर पहुंच जाता है। इस संबंध में शहर में आवारा श्वानों के बधियाकरण हेतु जुलवानिया में निर्मित किये गये बधियाकरण केन्द्र का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ गठित समिति सदस्यो ने अवलोकन कर सर्व सुविधायुक्त केन्द्र का निर्माण होने पर हर्ष जताया। निगम आयुक्त के साथ गठित समिति सदस्यों ने संपूर्ण केन्द्र का अवलोकन किया अवलोकन के दौरान केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की मांग पर निगम आयुक्त ने शीघ्र कैमरे लगाये जाने के निर्देश संबंधित को दिये। केन्द्र के अवलोकन पश्चात गठित समिति सदस्यों ने 22 दिसम्बर बुधवार से केन्द्र में शहर के आवारा श्वानों के बधियाकरण की सहमति दी। शहर के आवारा श्वानों को केन्द्र पर लाया जाकर बधियाकरण किया जायेगा व नियत समयावधि पश्चात पकड़े गये क्षेत्र में ही श्वानों को छोड़ा जायेगा। ज्ञातव्य है कि बधियाकरण कार्य को सुचारू रूप से करने व कार्य में पशु क्रूरता नियम 1960 की पालना को सुनिशिचत करने के लिये भारत सरकार द्वारा आदेशानुसार एनिमल बर्थ कन्ट्रोल (डॉग्स) रूल 2001 सब सेक्ष (1) सेक्शन 38 पी.सी.ए. 1960 (59 ऑफ1960) डॉग्स रूल के अन्तर्गत निगरानी समिति का गठन किया गया था। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के.जायसवाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, गठित समिति सदस्य उप संचालक पशु पालन विभाग, श्रीमती आशा गुप्ता (एनिमल एक्टिविस्ट), वेदप्रकाश सिंह (एनिमल एक्टिविस्ट), सुश्री पल्लवी टांक सोश्यल वर्कर, प्रकाश लोढ़ा सोश्यल वर्कर, श्रीमती आपरा खण्डेलवाल सोश्यल वर्कर, सुश्री शिल्पा जोशी सोश्यल वर्कर के अलावा देवेश गोहेल, रजनी प्रजापति आदि उपस्थित थे।



23-12

25-12-21

गुमटियां व टीन शेड बनाकर कर रखा था अतिक्रमण, करीब 50 कब्जे हटाए गए

# कॉमर्स कॉलेज के आसपास से निगम ने हटाया अतिक्रमण, 20 फीट चौड़ी हुई सड़क



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर के कॉमर्स कॉलेज व डोंगरे नगर रोड पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सोमवार को प्रदर्शन किया था। इसका असर यह हुआ कि निगम अधिकारी हरकत में आए, तुरंत निगम अमले को भेजकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही।

मालूम हो कि अभाविप द्वारा कॉमर्स कॉलेज सहित आसपास के क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को लेकर विरोध दर्ज किया था। क्षेत्र में गुमटी, ठेले, टीन शेड अवैध रूप से लगाकर अतिक्रमण कर लिया था। विरोध के बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्रवाई करते हुए उक्त स्थलों से अतिक्रमण को हटवाया। सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही डोंगरे नगर रोड से कॉमर्स कॉलेज रोड तक व कॉमर्स कॉलेज रोड से भवन निर्माण कला केन्द्र तिराहे तक प्रारंभ कि गई थी जो 21 दिसम्बर को दोपहर तक चली जिसके तहत 25 अवैध गुमटी, 12 ठेले, 10 मकानों के टीन शेड व ओटलो को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क की चौड़ाई में लगभग 20 फीट की वृद्धि हुई है जिससे कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान प्रभारी सहायक यंत्री एम.के.जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, राजेश पाटीदार व अतिक्रमण दल उपस्थित था।

# नगर निगम को संपत्तियों से 70 करोड़ मिलने की आस

रतलाम। नगर निगम की माली हालत किसी से छुपी नहीं है। इसलिए शहर विकास के कार्यों के लिए निगम अपनी रिक्त संपत्तियों को बेचकर 70 करोड़ रुपये जुटाने में लगा है। इससे निगम की जरूरी देनदारियों के साथ योजनाओं और विकास कार्यों के लिए बजट मिल जाएगा।

निगम में पहली परिषद नहीं आई होती, तो शायद निगम के पास इतनी संपत्तियां भी नहीं होती, क्योंकि पहली परिषद के कार्यकाल में ही सिविक सेंटर, सुभाषचंद्र बोस काम्पलेक्स, देवरादेवनारायण काम्पलेक्स और डोंगरे नगर आदि विकसित किए गए थे। इसके बाद निगम कोई योजना नहीं बना पाया और इन योजनाओं की जमीन के स्वामित्व, आरक्षण तथा मूल्य को लेकर कई विवाद सामने आए। लोकायुक्त, आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और न्यायालय में उलझने से निगम द्वारा इन योजनाओं की संपत्ति को पूरा बेचा नहीं जा सका।

पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा के कार्यकाल में सिविक सेंटर व सुभाष कांपलेक्स की दुकानों की नीलामी के लिए शुरुआत हुई थी। इसके बाद पूर्व महापौर डॉ. सुनीता यार्दे के कार्यकाल में नीलामी प्रक्रिया शुरू भी हुई, लेकिन संपत्ति खरीदने वालों की राशि उलझकर रह गई। रजिस्ट्री नहीं होने से सारी संपत्तियां जर्जर स्थिति में जा रही थी, निगम ने एक बार फिर नई प्रक्रिया अपनाकर इन्हें बेचने की तैयारी की है। इससे शहर और निगम दोनों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

बताया जाता है कि सुभाष काम्प्लेक्स में 99 दुकानें विक्रय की जाना है। सिविक सेंटर में विक्रय योग्य भूखंड की 21 और फ्लैट दुकानें आदि 235 हैं। इसके अलावा हाल ही में नगर निगम ने अपने स्वामित्व की रोडवेज आवास भूमि को मुक्त कराया है। करीब 19000 वर्गफीट इस भूमि की निगम ने मार्च में लीज निरस्त कर हाल ही में जर्जर आवासों को तोड़कर जमीन समतल की है।

निगम द्वारा इसके अलावा नित्यानंद मार्केट में रिक्त कराई गई दुकानों, पांजरा पोल की दुकानों और भक्तन की बावड़ी स्थित पुराने नाका भवन व भूमि, महू रोड बस स्टैंड भवन के हाल, दुकान एवं छत की नीलामी भी की जा रही है। इससे मिलने वाली राशि से नगर विकास के कार्य किए जाएंगे।

स्व॰ उपगई

# संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन

**रतलाम।** खनिज साधन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंहने आज राज्य विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप को बताया कि संबल योजना में पंजीयन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन हैऔर सत्यापन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मंत्री जी ने यह भी जानकारी दी कि वर्तमान में रतलाम नगर निगम क्षेत्र में 480 अपात्र हितग्राहियों के अपीलीय आवेदन प्राप्त हुए है, जिनमें से परीक्षण उपरांत 86 पात्र पाए गए है, जिनके प्रकरण अपीलीय अधिकारी को भेज दिए गए है। उन्हें पात्र घोषित करने की कार्रवाई जारी है। शेष अपात्र हितग्राहियों द्वारा आवेदन करने पर नियमानुसार परीक्षण कर सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा सकेगा।

प्रजातंत्र

# सुशासन दिवस 24 दिसम्बर को मनाया जाएगा

**खण्डवा ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन उच्चतम मानदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्मदिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस पर सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में 24 दिसम्बर को सुशासन की शपथ लेगें।

नवभारत

बैठक | समूहों की महिलाओं के प्रकरण स्वीकृत नहीं करने पर कलेक्टर हुए नाराज

# ऋण रोकने वाले मैनेजरों पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखेंगे



कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ●नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बैंक प्रकरण स्वीकृति नहीं करने से बैंक शाखाओं में महिलाएं बार-बार चक्कर लगाकर परेशान होती हैं। ऐसे में बैंकर्स के विरुद्ध महिलाओं को परेशान करने के प्रकरण बन सकते हैं। शासन की कल्याणकारी योजनाओं के तहत गरीब वर्गों को वित्त पोषित करना सामाजिक दायित्व भी है। बैंकर्स अपने सामाजिक दायित्व को निभाएं। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बुधवार को जिला बैंक सलाहकार समन्वय समिति की बैठक में दिए। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया, शासकीय विभागों के अधिकारी तथा बैंकर्स बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बैठक में दिसंबर अंत तक सभी स्वीकृत ऋण वितरण करने के निर्देश बैंकर्स को दिए। बैंक प्रकरणों में जान-बूझकर अड़ंगा लगाने वाले बैंक मैनेजर के मामलों में उनके उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि शासन द्वारा भी ऐसे बैंकर्स के विरुद्ध कार्रवाई के लिए बैंकों की हायर अथारिटी को पत्र जारी किया जाए।

### निरस्त प्रकरणों की फिर से समीक्षा करें

कलेक्टर ने बैठक में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तथा बैंक आफ बड़ौदा के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि उनके द्वारा निरस्त किए गए ऋण प्रकरणों की पुन: समीक्षा करें और पात्र पाए जाने पर स्वीकृति दें। बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उप संचालक पशु चिकित्सा आरके शर्मा, उपसंचालक उद्यानिकी पीएस कनेल, ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला समन्वयक हिमांशु शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

नईदुनिया 23-12-21

सरकार ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी को प्रस्ताव भेजा

# लॉजिस्टिक हब निर्माण कार्य में आई तेजी

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में करीब 1800 हेक्टेयर भूमि पर बनने वाले लॉजिस्टिक हब निर्माण कार्य में तेजी आई है। राज्य सरकार ने इसके लिए प्रस्ताव को नेशनल हाईवे अथॉरिटी को भेज दिया है। शहर के आसपास के क्षेत्र में करीब 1800 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक निवेश के लिए सुरक्षित करना है। इसके लिए शासकीय स्तर पर प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

बता दे कि पूर्व में ही शासन ने इसके लिए औद्योगिक निवेश क्षेत्र के लिए चयन की गई 1800 हैक्टेयर भूमि में से 1466 हैक्टेयर भूमि औद्योगिक नीति व निवेश प्रोत्साहन विभाग यानी की एमपीआईसीडी को सौंपा है। जो टेक्सटाइल्स पार्क बनेगा वो मध्यप्रदेश का सबसे पहला होगा जा रतलाम में बनेगा। इन सब के बीच राज्य शासन ने रतलाम में औद्योगिक गतिविधि को बढ़ावा देने व इसको प्रोत्साहन देने के लिए ही लॉजिस्टिक हब या पार्क बनाना तय किया हुआ है।

### विस में मिला जवाब

असल में विधानसभा में शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने सवाल किया था। काश्यप ने सवाल उठाया था कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने घोषणा की थी कि रतलाम में बनने वाले लॉजिस्टिक हब या पार्क के लिए भूमि को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को दी जाएगी। जवाब में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह प्रेमसिंह दत्तीगाव ने विधानसभा में विधायक काश्यप को बताया कि रतलाम में प्रस्तावित औद्योगिक निवेश क्षेत्र में लाजिस्टिक् पार्क निर्माण का सुझाव नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को दिया गया है। अथारिटी द्वारा आर्थिक-तकनीकी मूल्यांकन के बाद आगामी कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### टेक्सटाइल्स पार्क बनेगा

असल में इस 1800 हेक्टेयर भूमि में ही करीब 1400 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर टेक्सटाइल्स पार्क बनेगा। इसके बनने से करीब 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसलिए ही शहर विधायक काश्यप चाहते है कि इस कार्य में तेजी आए, जिससे रोजगार के संसाधन तेजी से मिले।

पत्रिका 23-12-21